जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह

[स्रोत: द हिंदू]

जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (JNPA) या न्हावा शेवा बंदरगाह वर्ष 2027 तक प्रतिवर्ष **10 मिलियन TEU (ट्वेंटी-फुट इक्विविलेंट यूनिट्स)** का प्रबंधन करके वैश्विक रैंकिंग हासिल करने वाला भारत का पहला बंदरगाह बनने की ओर अग्रसर है।

- वर्ष 2024 में JNPA द्वारा रिकॉर्ड **7.05 मिलियन TEU का प्रबंधन** किया गया और यह **11% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि** के साथ **90% से अधिक क्षमता** पर संचालित हुआ।

जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (JNPA):

- यह नवी मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित है और इसे वर्ष 1989 में शुरू किया गया था।
- **प्रमुख विशेषताएँ:**
  - **भारत का पहला लैंडलॉर्ड मेजर पोर्ट:** इसमें पूरी तरह से **लैंडलॉर्ड पोर्ट मॉडल** को अपनाया जाता है।
  - **कंटेनर टर्मिनल:** इसके तहत **भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल (BMCT), न्हावा शेवा इंटरनेशनल कंटेनर टर्मिनल (NSICT)** और **गेटवे टर्मिनल्स इंडिया प्राइवेट (GTIPL)** सहित 5 कंटेनर टर्मिनल का संचालन किया जाता है।
- **कनेक्टिविटी और व्यापार दक्षता बढ़ाने के क्रम में वधावन बंदरगाह** पर **सैटेलाइट बंदरगाह** के साथ जालना और वर्धा में **शुष्क बंदरगाहों की योजना** बनाई गई है।

भारत में बंदरगाह:

- भारत में **12 प्रमुख बंदरगाह** (निर्माणाधीन **13वाँ प्रमुख बंदरगाह [वधावन बंदरगाह], मुंबई है)** और 200 से अधिक छोटे एवं मध्यवर्ती बंदरगाह हैं।
- भारत के समुद्री क्षेत्र से मात्रा के दृष्टिकोण से 95% तथा **मूल्य के दृष्टिकोण से 70% व्यापार** होता है।

//

अधकि पढ़ें: [जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह](https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jawaharlal-nehru-port-1)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jawaharlal-nehru-port-1